दिन– शनिवार दिनांक– 04 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के तहत आज गोपालगंज में एक सौ अडतीस करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

02. पटना के बापू परीक्षा परिसर में रद्द बीपीएससी की प्रारंभिक प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा परीक्षा का आयोजन आज।

03. पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। मौसम विभाग का रोहतास, बक्सर, जमुई, बांका और नवादा में शीत दिवस का अलर्ट। पटना समेत तेईस जिलों में घने कोहरे की चेतावनी।

04. और, दशमेश गुरु गोविंद सिंह की तीन सौ अंठावनवेवीं जयंती पर तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में आज से तीन दिवसीय प्रकाश उत्सव शुरू।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गोपालंगज से प्रगति यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत करेंगे। इसके तहत मुख्यमंत्री जिले में एक सौ अडतीस करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने बताया कि मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं की पग्रति का जायजा भी लेंगे। प्रगति यात्रा के इस चरण में श्री कुमार गोपालगंज, सीवान, सारण, दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर समेत छह जिलों का दौरा करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री पहले चरण में छुटे हुए दो जिले मुजफ्फरपुर और वैशाली में भी पांच और छह जनवरी को दौरा करेंगे।

---

इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम कल से तेरह जनवरी तक आयोजित होगा। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री यादव मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

---

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा का आयोजन आज किया जा रहा है। पटना के बाईस केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा दिन के बारह बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक होगी। आयोग के सचिव सत्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि बारह हजार अभ्यर्थियों में सात हजार अभ्यर्थियों ने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया है। आयोग ने परीक्षा के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष आयोजन को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं। परीक्षा केंद्रों के आस पास आज सुबह सात बजे से परीक्षा की समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन ने पैंसठ मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है।

———————————————————

इस बीच, इस परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेशभर में छात्रों का प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन के चलते कई जगहों पर रेल और सड़क यातायात बाधित हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम करने पर सांसद पप्पू यादव, महागठबंधन के कई विधायकों और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। राजधानी पटना में विभिन्न छात्र संगठनों का प्रदर्शन जारी है।

———————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण में विधवा और दिव्यांग शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी। विभाग के अनुसार विशेष परिस्थिति में स्थानांतरण के लिए एक लाख नब्बे हजार शिक्षकों ने आवेदन दिया है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से..

———बाईट———

स्थानांतरण के लिए प्राप्त आवेदनों का निष्पादन चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि प्रथम चरण में असाध्य रोग, दिव्यांगता और मानसिक दिव्यांगता से पीड़ित शिक्षकों तथा विधवा और परित्यक्त महिला शिक्षिकाओं का स्थानांतरण होगा। वहीं, दूसरे चरण में पति–पत्नी के पदस्थापन के आधार पर स्थानांतरण होगा। तीसरे चरण में ऐच्छिक स्थान से वर्तमान पदस्थापन की दूरी के कारण शिक्षिकाओं से प्राप्त आवेदन और चौथे चरण में पुरूष शिक्षकों से प्राप्त आवेदन के आधार पर स्थानांतरण किया जायेगा। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

———————————————————

बिहार में प्रति व्यक्ति आमदनी बढ़कर छियासठ हजार आठ सौ अट्ठासईस रूपये हो गयी है। पिछले वर्ष की तुलना में यह सात हजार पांच सौ चौरासी रूपये से अधिक है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में योजना और विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि स्थिर मूल्य पर भी बिहार में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई

है। श्री यादव ने कहा कि विकास दर में बिहार ने सभी बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। विभाग के प्रधान सचिव के. सेंथिल कुमार ने बताया कि प्रदेश की विकास दर चालू वित्तीय वर्ष में चौदह दशमलव चार–सात प्रतिशत हो गयी है। यह राष्ट्रीय विकास दर से पांच प्रतिशत अधिक है।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास के नेतृत्व में एक केंद्रीय दल ने बिहार में लोक शिकायत निवारण प्रणाली के कार्यान्वयन और कामकाज का जायज़ा लिया। पांच सदस्यीय केंद्रीय दल ने पटना समाहरणालय का दौरा कर बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम और बिहार लोक सेवा अधिकार अधिनियम का कार्यान्वयन देखा। श्री वी. श्रीनिवास और दल के अन्य अधिकारियों ने पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह से बातचीत भी की। केन्द्रीय दल ने जिले की लोक शिकायत प्रणाली के कामकाज की भी सराहना की।

————————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के कारण पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। पटना सहित राज्य के तेईस जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। मौसम विभाग ने आज रोहतास, बक्सर, जमुई, बांका और नवादा में शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है। वहीं, विभाग ने अगले दो से तीन घंटो के दौरान पटना, गया, भोजपुर, पश्चिम चंपारण, रोहतास, बेगूसराय और खगड़िया समेत तेईस जिलों में कुछ स्थानों पर घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। इधर, आज सुबह से ही पटना और उसके आस–पास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया हुआ है। दृश्यता कम होने के चलते रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में बढोतरी के साथ ही ठंड से आंशिक राहत मिलने की उम्मीद है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

————————————————————————————————

सिख धर्म के दशमेश गुरु गोविंद सिंह की तीन सौ अंठावनवे वीं जयंती पर तीन दिवसीय प्रकाश उत्सव आज से पटना सिटी के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में शुरू हो गया है। तख्तश्री हरिमंदिर पटना साहिब खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह का जन्म स्थान है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मीडिया प्रभारी गुरुविंदर सिंह ने कहा है कि यह उत्सव प्रभात फेरी के साथ शुरू हुआ और सोमवार की रात में कीर्तन दरबार और अखंड पाठ के साथ संपन्न होगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज पंच प्यारों के नेतृत्व में बड़ी प्रभात फेरी निकाली गयी। इसके साथ ही ग्यारह दिन तक चलने वाली प्रभात फेरी का समापन हो गया है। इधर, प्रकाशोत्सव में शामिल होने के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पटना साहिब पहुंच रहे हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

————————————————————————————————

रेलवे बोर्ड ने लेवल–वन पदों की भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के मानदंडों में छूट दी है। अब दसवीं पास उम्मीदवार आईटीआई, डिप्लोमा धारक और राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद, एनसीवीटी से जारी राष्ट्रीय अप्रैंटिसशिप प्रमाण पत्र, एनएसी धारक लेवल–वन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले तकनीकी विभागों के लिए दसवीं पास होना और एनएसी तथा आईटीआई होना आवश्यक था। गौरतलब है कि लेवल–वन के लिए बत्तीस हजार पदों पर बहाली की जानी है। इसके लिए आवेदन देने की प्रक्रिया तेईस जनवरी से बाईस फरवरी तक चलेगी।

————————————————————————————————

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को दखेते हुए पटना–हावड़ा समेत कई ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। हावड़ा–पटना स्पेशल ट्रेन के फेरे में वृद्धि करते हुए अब तेईस फरवरी तक प्रत्येक सप्ताह चलायी जायेगी। इसके अलावा बरौनी और पोत्तनूर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में भी विस्तार किया गया है। इधर, रेलवे की ओर से महाकुंभ के अवसर पर कई दर्जन स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इनमें भागलपुर–कानपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन शामिल हैं।

————————————————————————————————

प्रदेश में नागरिकता संशोधन अधिनियम, सीएए के तहत पहला नागरिकता प्रमाण पत्र भोजपुर जिले की सुमित्रा रानी को प्रदान किया जाएगा। जनगणना सह नागरिक निबंधन कार्यालय पटना के निदेशक एम. राम चंद्रुडु की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सशक्त समिति ने यह निर्णय लिया है।

————————————————————

बिहार एसटीएफ की टीम ने औरंगाबाद के गोह थाना क्षेत्र में छापेमारी कर कुख्यात अपराधी रामजी शर्मा को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

शेखपुरा जिले के कोरमा थाना अंतर्गत गगौर गांव में भूमि विवाद में अपराधियों ने एक यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी।

————————————————————

कटिहार जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाबगंज पंचायत के बालू टोला में अपराधियों ने देर शाम दो छात्रों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

————————————————————

मधुबनी जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में एक व्यक्ति को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

————————————————————

हैदराबाद में आयोजित विजय हजारे क्रिकेट ट्रॉफी में बंगाल की टीम ने बिहार को छह विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार की टीम ने उनचास ओवर में दो सौ पैंतीस रन बनाए। इसके जवाब में बंगाल की टीम ने बयालीस ओवर और तीन गेंदों में दो उनचालीस रन बनाकर मैच को जीत लिया।

————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** अखबार ने जलवायु परिवर्तन से जुड़ी खबर को अपनी सुर्खी बनाते हुए लिखा है – जलवायु परिवर्तन से बच्चों की औसत लंबाई घट रही। अखबार लिखता है– बिहार में सबसे ज्यादा समस्तीपुर में बच्चों की लंबाई घटी।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है – बच्चों के इंटरनेट मीडिया अकाउंट को माता–पिता की सहमति जरूरी।

**दैनिक भास्कर** का शीर्षक है – मेट्रो के लिए पटना पहुंचा ट्रैक, फरवरी से बिछाने का काम शुरू होगा।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – इस साल बिहार में सात बड़े खेल आयोजन। राजगीर में होगा मेन्स हॉकी एशिया कप और वीमेंस कबड्डी ब्लर्ड कप।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के तहत आज गोपालगंज में एक सौ अडतीस करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

02. पटना के बापू परीक्षा परिसर में रद्द बीपीएससी की प्रारंभिक प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा का आयोजन आज।

03. पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। मौसम विभाग का रोहतास, बक्सर, जमुई, बांका और नवादा में शीत दिवस का अलर्ट। पटना समेत तेईस जिलों में घने कोहरे की चेतावनी।

04. और, दशमेश गुरु गोविंद सिंह की तीन सौ अंठावनवे वीं जयंती पर तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में आज से तीन दिवसीय प्रकाश उत्सव शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।